# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–12.12.2024 (दोपहर–1455 बजे)

झारखंड विधानसभा के विशेष सत्र का आज चौथा और अंतिम दिन है। सदन की कार्यवाही शुरु होते ही राज्यपाल के अभिभाषण पर पहली पाली में चर्चा हुई। जेएमएम विधायक स्टीफन मरांडी ने राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पेश किया। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्यपाल के अभिभाषण पर सरकार का उत्तर देते हुए कहा कि ये राज्य आंदोलन की उपज है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने झारखंड के अलग राज्य बनने पर मुहर लगाई लेकिन यहां के गरीब और पिछड़े लोगों को उनका अधिकार नहीं मिलता है। उन्होंने विपक्ष से आग्रह किया कि वे सरकार के विकास कार्यों में सहयोग करें। इससे पहले कांग्रेस विधायक प्रदीप यादव, जेएमएम विधायक हेमलाल मुर्मू, भाजपा नेता बाबूलाल मरांडी, जेएमएम विधायक कल्पना सोरेन ने चर्चा में भाग लेते हुए अभिभाषण में सरकार द्वारा किए जाने वाले कार्यों का जिक्र किया।

*****************

राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने मुख्यमंत्री मइंयां सम्मान योजना की सराहना की है। उन्होंने कहा है कि यह एक महात्वाकांक्षी योजना है और इससे खासकर ग्रामीण महिलाओं के जीवन स्तर में सुधार आयेगा।

*****************

झारखंड हाईकोर्ट ने तीन माह से जेपीएससी अध्यक्ष पद खाली रहने पर नाराजगी व्यक्त की है। सिविल सेवा परीक्षा परिणाम जारी करने की मांग को लेकर दाखिल रिट याचिका पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को जेपीएससी अध्यक्ष के खाली पद को जल्द भरने का निर्देश दिया। अदालत ने मौखिक टिप्पणी करते हुए कहा कि अध्यक्ष पद खाली रहने के कारण कई नियुक्तियां बाधित हो रही और नयी नियुक्ति की प्रक्रिया भी शुरु नहीं हो पा रही है।

*****************

कोडरमा में डीवीसी 8 सौ मेगावाट क्षमता वाली दो नयी यूनिट की स्थापना करेगा। इस सिलसिले में भूमि पूजन का कार्य संपन्न हो गया है। इससे बिजली उत्पादन क्षमता एक हजार छह सौ मेगावाट बढ़ जायेगी। फिलहाल कोडरमा थर्मल पावर स्टेशन से एक हजार मेगावाट बिजली का उत्पादन होता है। दो नयी यूनिट के खुल जाने से उत्पादन क्षमता दो हजार छह सौ मेगावाट हो जायेगी। डीवीसी अध्यक्ष एस. सुरेश कुमार ने बताया कि नयी यूनिट का निर्माण कार्य अगले वर्ष शुरु हो जायेगा।

*****************

रांची के चेशायर होम की एक एकड़ जमीन फर्जीवाड़ा मामले में निलंबित आईएएस अधिकारी छवि रंजन की डिस्चार्ज पिटीशन पर पीएमएलए की विशेष अदालत आज फैसला सुनाएगी। श्री रंजन ने खुद पर लगे आरोपों से उन्हें मुक्त करने के लिए डिस्चार्ज पिटीशन दाखिल किया है। 14 अप्रैल 2023 को ईडी ने छवि रंजन को गिरफ्तार किया था और वे तब से जेल में बंद हैं।

*****************

रांची समेत राज्य भर में सर्द हवा चलने के कारण कनकनी बढ़ गयी है। पिछले 24 घंटे में न्यूनतम तापमान में तीन से सात डिग्री सेल्सयस तक की गिरावट आयी है। 20 जिलों में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री से नीचे चला गया है। मौसम विभाग ने 15 दिसंबर के बाद राज्य में शीतलहर चलने का पूर्वानुमान व्यक्त किया है।